अपील संख्या 935/2025

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30–07–2025	पत्रावली पेश हुई। विद्वान अधिवक्ता अपीलाण्ट, श्री पूनाराम विश्नोई उपस्थित। विद्वान राजकीय अधिवक्ता रेस्पोडेण्ट्स संख्या 1 व 2 , श्री नवल सिंह दहिया उपस्थित। रेस्पोडेण्ट्स संख्या 3 की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री मनोहरसिंह राठौड़ ने वकालतनामा तथा सबिमिशन प्रस्तुत किया। जिसकी प्रति विद्वान अधिवक्ता अपीलाण्ट को उपलब्ध करवाते हुये शामिल पत्रावली किया गया। विद्वान अधिवक्ता अपीलाण्ट ने प्रार्थना पत्र अपील विड्रो का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी अब अपील को आगे चलाना नही चाहता है तथा अपीलाण्ट अपनी अपील को जरिये विड्रो करवाना चाहते है। अतः पत्रावली को विड्रो खारिज फरमाया जावे। अपीलाण्ट द्वारा प्रस्तुत विड्रो प्रार्थना–पत्र एवं पत्रावली का बगौर अवलोकन किया गया। विड्रो का प्रार्थना–पत्र अपीलाण्ट ओमप्रकाश के विद्वान अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः ऐसी स्थिति में अपील पर गुणावगुण पर टिप्पणी किये बिना विद्वान अधिवक्ता अपीलाण्ट का प्रार्थना–पत्र अपील विड्रो का स्वीकार किया जाकर अपील जरिये विड्रो खारिज की जाती हैं। पत्रावली दर्ज फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर की जावे। संभागीय आयुक्त जोधपुर	

न्यायालय सम्भागीय आयुक्त जोधपुर